Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 30-11-2006

Participants : Ranjan Smt. Ranjeet

an>

Title: Reported suicide by an under-trial in Tihar Jail.

श्रीमती रंजीत रंजन (सहरसा) अध्यक्ष महोदय, जिस दिन से संसद का यह अधिवेशन शुरु हुआ है, मैंने उसीदिन नोटिस दिया था। संजय नाम के एक लड़के पर आज से तीन महीने पहले 30 जुलाई को एक क्लेम लगाया गया था कि उसने सात लोगों की हत्या की है जो उसी के मौसा-मौसी थे। 5 अगस्त को अपराध शाखा ने उसे गिरफ्तार किया। उसे सात दिन की रिमांड पर लिया और 11 अगस्त को अभियुक्त को तिहाड़ में भेज दिया। तीन महीने बाद 10 नवम्बर को वह आत्महत्या कर लेता है। मैं इसके बारे में तीन प्वाइंट्स उठाना चाहती हूं - पुलिस की जांच किस तरह की थी, इसमें मीडिया की भूमिका क्या थी और तिहाड़ जेल की क्या भूमिका रही? आत्महत्या के बाद, उसके यहां से पांच चिट्ठियां मिलीं जिन में उसने अपने परिवार वालों को लिखा था कि मैं बेकसूर हूं, मुझे पुलिस ने जबर्दस्ती रिमांड में यह कहा कि आप यह ऐक्सैप्ट करो वरना सारे परिवार को तंग किया जाएगा। मैं आने वाली 29 तारीख को अदालत में गवाही दूंगा कि मैं बेगुनाह हूं, मेरे लिए इश्तहार छपवाएं। इनमें तीन प्वाइंट्स उठते हैं कि पुलिस की जांच किस तरह हुई, दूसरा मीडिया इस तरह दिखा रही थी कि उसने ही परिवार के लोगों को मारा। एक ही जगह सात व्यक्तियों की हत्या एक लड़का करता है और किसी को कानों-कान खबर नहीं होती है। क्या मीडिया को मालूम था कि वही हत्यारा था? ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदयः मीडिया के बारे में हम कुछ नहीं कह सकते हैं। यदि वह गुनाहगार भी था तो तिहाड़ में उसे कितने जलील किया कि उसने आत्महत्या कर ली। दिन में चार आदमियों के साथ रहते हुए उसने आत्महत्या की। मैं आपसे निवेदन करना चाहती हूं कि इसकी जांच कमीशन ऑफ इन्क्वायरी से कराई जाए क्योंकि यह लड़का गरीब है।

MR. SPEAKER: I agree that it should be inquired into.

श्रीमती रंजीत रंजन : अध्यक्ष महोदय,वह हत्यारा है या नहीं, इसे हम एक दम से कैसे डिफाइन कर सकते हैं? इसे हम डिफाइन नहीं कर सकते हैं। मैं आपसे निवेदन करूंगी क्योंकि मुझे नहीं लगता है कि कोई भी इंडिया गेट में जाकर संजय के लिए कैंडल जलाएगा। ऐसे बहुत से लोग हैं जो चुप्पी साध लेते हैं और बहुत सी चीज़ें ऐसी हैं जिसके प्रैशर में आकर पुलिस निर्दो़ा को पकड़कर आगे कर देती हैं। मैं आपसे निवेदन करती हूं इसकी जांचअवश्य होनी चाहिए।